Bike Running On Compressed Air Invented In Lucknow

VIDEO: हवा से चलती है ये BIKE, पांच रुपए में तय करती है 40 किमी. का सफर

dainikbhaskar.com
Aug 12, 2015, 13:44 PM IST

12 अगस्त को इंटरनेशनल यूथ डे मनाया जाता है। इस अवसर पर dainikbhaskar.com आपको यूपी के ऐसे यूथ से मिलवा रहा है, जिन्होंने अपने प्रोफेसर के साथ मिलकर कम उम्र में ही बड़ी एचीवमेंट हासिल की है।

लखनऊ. अभी तक आपने पेट्रोल से चलने वाली बाइक ही चलाई होगी, लेकिन अब एक ऐसी बाइक भी तैयार हो गई है जो हवा से चलेगी। चौंकिए मत, ये सच है। लखनऊ में इंजीनियरिंग कॉलेज के पांच स्टूडेंट्स ने का ॅलेज के डायरेक्टर के साथ मिलकर ऐसी अनूठी बाइक को कल्पना की दुनिया से निकाल कर हकीकत में बदल दिया है। यह बाइक केवल पांच रुपए में 40 किमी सफर करा सकती है।

कैसे स्टार्ट होती है यह बाइक?

प्रोजेक्ट के मुखिया डाॅ. बीआर सिंह ने बताया कि इस बाइक में 4 इंच डायमीटर के दो सिलेंडर लगे हैं, जिसमें बाइक के पहिये में भरी जाने वाली कंप्रेस्ड एयर को भरा जा सकता है। इसके बाद बाइक में लगा एक तीन इंच व्यास का रोटर कंप्रेस्ड एयर के प्रेशर को एक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड में कन्वर्ट कर देता है और बाइक इग्नीशन लेकर स्टार्ट हो जाती है।

माइलेज-लोड कैपेसिटी

प्रोजेक्ट में जुटे स्टूडेंट अवधेश ने बताया कि बाइक के सिलेंडरों को एक बार भरने में केवल पांच रुपए का खर्च आता है। एक बार सिलेंडरों को पूरी तरह भरने के बाद यह 40 किमी तक आराम से फर्राटा भर सकती है। इसकी अधिकतम स्पीड 80 किमी प्रति घंटा है और विदाउट लोड यह 10,000 आरपीएम की स्पीड से दौड़ती है। अधिकतम तीन लोगों के बैठने के बाद यह 3,000 आरपीएम की गति से चलती है।

कार में भी लगाया जाएगा इंजन

अभी बाइक गियरलेस है, लेकिन भविष्य में इसमें गियर लगाया जाएगा। इसके माइलेज को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस इंजन को आगे बाइक के अलावा कार में उपयोग होने लायक बनाने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

आगे की स्लाइड्स में पढ़िए, बाइक का हो चुका है पेटेंट ...

Bike Running On Compressed Air Invented In Lucknow

VIDEO: हवा से चलती है ये BIKE, पांच रुपए में तय करती है 40 किमी. का सफर

dainikbhaskar.com
Aug 12, 2015, 13:44 PM IST

डॉ. बीआर सिंह के साथ मिलकर पांच स्टूडेंट्स ने इस बाइक को तैयार किया है।

इस पॉल्यूशन फ्री बाइक का भारत सरकार के पेटेंट विभाग ने ऑटोमोबाइल वर्ल्ड में इन्वेंशन मानकर पेटेंट भी नोटिफाई कर लिया है। प्रोजेक्ट पूरा करने वाली टीम का दावा है कि यह इन्वेंशन ऑटोमोबाइल वर्ल्ड को एक अलग ही दिशा में ले जाएगा। वाहनों से होने वाले कार्बन इमिशन में करीब 50-60 प्रतिशत की कमी आएगी। इस बाइक के इनोवेशन में एसएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. भरत राज सिंह के अलावा बीटेक मेकैनिकल इंजीनियरिंग के फोर्थ ईयर के छात्र अवधेश यादव, पीयूष यादव, अतुल तिवारी, अनिल यादव और अविनाश कुशवाहा शामिल रहे।

आगे की स्लाइड्स में देखिए, और फोटोज...

Bike Running On Compressed Air Invented In Lucknow

VIDEO: हवा से चलती है ये BIKE, पांच रुपए में तय करती है 40 किमी. का सफर

dainikbhaskar.com
Aug 12, 2015, 13:44 PM IST

बाइक अभी गियरलेस है। जल्द ही इसमें गियर लगाए जाएंगे।

Bike Running On Compressed Air Invented In Lucknow

VIDEO: हवा से चलती है ये BIKE, पांच रुपए में तय करती है 40 किमी. का सफर

dainikbhaskar.com
Aug 12, 2015, 13:44 PM IST

एयरो बाइक का इंजन जल्द ही कार में लगाया जाएगा।